स्थापित-1983

पंजीकरण सं० 2486
फोन: 0522-4041752
मो0 : 9450454703
9453074945

विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम

ठोस व उच्चस्तरीय शिक्षा का प्रतीक

# यूनिवर्सल पब्लिक इण्टर कालेज




(यूनिवर्सल माण्टेसरी एजूकेशनल सोसाइटी, लखनऊ द्वारा संचालित)

## (PROSPECTUS)

## नियमावली (विवरण पत्रिका)

प्रधान कार्यालय
यूनिवर्सल माण्टेसरी गर्ल्स इण्टर कालेज
हरीनगर, लक्ष्मणपुरी (निकट रेलवे क्रासिंग) फैजाबाद रोड, लखनऊ।

व्यवस्था है।

11. बच्चों के समुचित विकास हेतु माह के प्रत्येक द्वितीय शनिवार को अभिभावक बैठक होती है। जिसमें सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य होती है।

12. कम्प्यूटर के आधुनिक युग में कक्षा 1 से कम्प्यूटर शिक्षण की विशेष व्यवस्था की गयी है।

## अभिभावको से अपेक्षित सहयोग

1. अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन गृहकार्य की डायरी तथा उस पर लिखी टिप्पणी देखने तथा उस पर हस्ताक्षर करने हेतु निवेदित है।
2. यह अनुभव होने पर कि बच्चे का सामान्य रूप से विकास नहीं हो रहा है या पढ़ने में कमजोर है, अभिभावक प्रधनाचार्य से सम्पर्क स्थापित करने हेतु निवेदित है।
3. विद्यालय के कार्यालय में प्रधानाचार्य की अनुमति के बिना अपने बच्चों तथा अध्यापक से सम्पर्क न करें।
4. विद्यार्थी के समक्ष अध्यापक या स्कूल की आलोचना करना वर्जित है, क्योकि विद्यार्थी में इससे अनुशासनहीनता की भावना बढ़ सकती है।
5. 15 अगस्त, 26 जनवरी शिक्षक दिवस, बाल दिवस, गांधी जयन्ती, विद्यालय का वार्षिकोत्सव तथा ऐसे ही विद्यालय द्वारा आयोजित सभी, उत्सवों व कार्यक्रमों में अभिभावकों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## विद्यालय अनुशासन व सामान्य नियम

1. प्रत्येक विद्यार्थी को विद्यालय में निर्धारित समय से आकर प्रार्थना सभा में उपस्थित होना अनिवार्य है निर्धारित समय के 5 मिनट बाद आने वाले छात्र प्रधानाचार्या की अनुमति के बिना कक्षा में न जा सकेंगे।
2. प्रत्येक विद्यार्थी विद्यालय को साफ–सुथरा रखने में अपना पूर्ण सहयोग देगा।
3. विद्यालय कार्यालय में कोई भी विद्यार्थी प्रधानाचार्या की अनुमति के बिना कम्पाउण्ड से बाहर नहीं जायेगा।
4. संक्रामक रोगों से पीड़ित विद्यार्थी को स्कूल आना वर्जित है।
5. प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित स्कूल यूनीफार्म में आना अनिवार्य है शुक्रवार,शनिवार के दिन निर्धारित सफेद परिवेश में आना होगा अन्यथा स्कूल से वापस किया जा सकता है।
6. विद्यालय में घड़ी को छोड़कर कोई भी विद्यार्थी आभूषण आदि पहनकर नही आयेगा तथा किसी भी प्रकार की सजावट आदि करके आना वर्जित है।
7. किसी भी विद्यार्थी की कापी किताबें रूपये पैसे कपड़े या अन्य वस्तुएँ खो जाने पर विद्यालय उत्तरदायी न होगा। विद्यार्थी अपने सामान को स्वयं सुरक्षित रखे। विद्यालय में खोई चीजों को खोजने का प्रयत्न किया

## हमारा दृष्टिकोण

"शिक्षार्थी का हित ही सर्वोपरि है"

विद्यालय एक पुष्प वाटिका है, बच्चे उसके सुकुमार पुष्प है शिक्षक उसके कुशल माली है, इस लक्ष्य को लेकर हमारा एकमात्र उद्देश्य सभी जाति के बच्चो की प्रवृत्तियों को मनोवैज्ञानिक ढंग से विकसित करके अनुशासन, आज्ञा पालन, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सहयोग त्याग व शिष्टाचार आदि गुणों का उनमें विकास करना है। इस प्रकार विश्व बन्धुत्व की भावना के साथ राष्ट्र के सुयोग्य व स्वावलम्बी नागरिक का निर्माण करना ही हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। आधुनिक समाज के बदले हुए परिवेश में सम्पूर्ण सभ्य समाज के सुयोग्य विकास का लक्ष्य प्राप्त करना हमारा उदेश्य है।

## कुछ महत्वपूर्ण तथ्य एवं हमारा उद्देश्य

1. विद्यालय में नर्सरी से लेकर इण्टर की कक्षाओं में शिक्षा नवीनतम आकर्षक उपकरणों एवं चित्रों के माध्यम से दी जाती है तथा बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास पर विशेष बल दिया जाता है।
2. संस्था का शिक्षा स्तर केन्द्रीय विद्यालयों के समक्ष है जिसमें हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम से अलग–अलग शाखाओं के माध्यम से कान्वेंट पद्धति द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही है।
3. संस्था मे उच्च शिक्षा स्तर अनुभवी अध्यापक व अध्यापिकाओं का सम्मिलित स्टाफ है। नर्सरी से इण्टर तक विशेष रूप से अध्यापिकाओं द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती हैं
4. संस्था में शिक्षण के साथ प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया जाता है इसके साथ ही मासिक परीक्षाओं के माध्यम से बच्चों की तात्कालिक प्रगति की रिपोर्ट अभिभावकों को भेजकर बच्चे की प्रगति से अवगत कराया जाता है।
5. शिक्षार्थी व संस्था की प्रगति हेतु अभिभावकों के सुझाव, सहयोग सादर आमन्त्रित है।
6. बच्चों के मानसिक विकास के साथ स्वयं शिक्षा की प्रवृत्ति विकसित करने पर विशेष बल दिया जाता है।
7. बच्चों के शारीरिक विकास हेतु खेलकूद के उपकरणों का विशेष प्रबन्ध है। बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है तथा विद्यार्थी का हित ही सर्वोपरि मानकर व्यवस्था बनायी गयी है।
8. विद्यालय में सीनियर कक्षाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम के विद्यालय के बच्चो में भारत सरकार के राष्ट्रीय सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी की जाती है।
9. संस्था का प्रशासन छात्रों के मूल्यांकन के साथ शिक्षिकाओं के अध्यापन कार्य का भी मूल्यांकन करती है। विगत वर्षो में संस्था के समस्त परीक्षाफल विशिष्ट व अद्वितीय रहे हैं।
10. बच्चों के ज्ञानवर्द्धन हेतु विद्यालय में पुस्तकालय व वाचनालय की विशेष

स्थापित–1983 पंजीकरण सं0 2486

विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम

ठोस व उच्चस्तरीय शिक्षा का प्रतीक

यूनिवर्सल पब्लिक इण्टर कालेज (श्रीनगर) लखनऊ
Email: universal1361@gmail.com

यूनिवर्सल गर्ल्स इण्टर कालेज हरिनगर, लखनऊ
Email: universal@gmail.com

यूनिवर्सल माण्टेसरी स्कूल, लखनऊ
(लक्ष्मणपुरी, मोहिबुल्लापुर, इस्माइलगंज)

यू0 पी0 बोर्ड इलाहाबाद एवं बेसिक शिक्षा परिषद
उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

# नियमावली (विवरण पत्रिका)
# (PROSPECTUS)

कक्षाएं–प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल एवं इण्टर
कला व विज्ञान (हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम)

(यूनिवर्सल माण्टेसरी एजूकेशनल सोसाइटी,लखनऊ द्वारा संचालित)

प्रधान कार्यालयः हरीनगर, लक्ष्मणपुरी (निकट रेलवे क्रासिंग)
फैजाबाद रोड, लखनऊ। 226016

5. स्कूल स्टाफ सदस्यों के बच्चे पूर्ण शिक्षण शुल्क मुक्त रहेंगे।

## विद्यालय छोड़ने के नियम

नये सत्र से विद्यायल में एक दिन भी रजिस्टर उपस्थिति होने पर 6 माह की शुल्क जमा करने के बाद ही स्थानान्तरण प्रमाण पत्र मिल सकेगा। सामान्यतः अपक्रम फार्म भरकर रू0 200/– शुल्क जमा करके उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं टी0सी0 केवल एक बार ही दी जायेगी। दूसरी बार शिक्षा विभाग के आदेश पर ही निर्गत की जा सकती है।

## शुल्क का भुगतान

1. शुल्क की समस्त धनराशि शुद्ध रूपये के रूप में प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख को प्रातः 8 से 01 बजे तक स्कूल कार्यालय में जमा होगी। इन तिथियों को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में जमा होगी। अप्रैल, मई की फीस क्रमशः जनवरी व फरवरी में जमा होगी। जून माह की शुल्क अक्टूबर माह में जमा होगी।
2. निर्धारित तिथियों पर शुल्क न जमा होने पर विद्यार्थी का नाम माह की अन्तिम तिथि को काट दिया जायेगा। 10 तारीख के बाद 15, 20 तक रू0 10/–तथा माह की अंतिम तिथि को रू0 50/– विलम्ब दण्ड होगा, इसके बाद रू0 100/– पुनः प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात ही नाम लिखा जा सकेगा। यह शुल्क विशेष परिस्थितियों के अलावा मुक्त नहीं किया जायेगा।
3. शुल्क अभिभावक स्वयं किसी विशेष जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा भेजें जो जमा की गई धनराशि की अधिकृत रसीद सुरक्षित पहुँचा सके। बिना रसीद प्राप्त किये विद्यालय की किसी स्टाफ या कार्यालय में शुल्क जमा न करें।
4. शुल्क जमा हो ने के समय अभिभावक अपने बच्चे की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यालय में रिपोर्ट दें तथा कक्षा अध्यापिका व प्रधानाचार्य से भी सम्पर्क स्थापित कर सकते है किसी परिस्थिति में समस्याएं लिखित रूप में कार्यालय में देगें।
5. यदि वाहन किसी यांत्रिक खराबी या विशेष कारणवश अकस्मात समय से नही पहुँचाता है तो अभिभावक स्वंय वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु निवेदित है। वाहन 10 दिन की अवधि तक न जाने पर जमा की गयी शुल्क अगले माह समायोजित की जा सकती है। वाहन शुल्क में कोई मुक्ति नहीं होगी। प्रवेश के समय किसी छात्र की वर्ष भर की शुल्क एकमुश्त जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

## परीक्षाएं

1. विद्यालय से एक अंक पत्र दिया जायेगा जिस पर वार्षिक, अर्द्धवार्षिक व चार मासिक परीक्षाओं के अंक अंकित किये जायेगें।
2. पूरे वर्ष का लिखित व मौखिक कार्य, गृहकार्य , माडल, उपकरण चित्र तथा वार्षिक परीक्षाफल विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नति का आधार होगा। अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा क्रमशः दिसम्बर व अप्रैल में होगी।
3. नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों को कभी भी प्रोन्नत किया जा सकता हैं संस्था की मासिक परीक्षाएं प्रत्येक माह के अन्त में क्रमशः अगस्त, अक्टूबर, जनवरी व फरवरी में होगी। पुनः परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की रू0 200/–पुनः परीक्षा शुल्क देय होगी।
4. अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षाएं शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न करायी जायेगी।
5. प्रगति पत्र अभिभावकों के अवलोकनार्थ भेजा जायेगा उस पर हस्ताक्षर कर तीन दिन के अन्दर लौटाना होगा, खोने या गन्दा होने पर रू0 100/–पुनः भुगतान करने के बाद प्राप्त होगा।
7. कोई भी स्वस्थ चरित्र व्यक्ति इसका सदस्य बन सकता है। पुस्तकालय की सदस्यता शुल्क रू0 500/–वार्षिक तथा 50/– मासिक है विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की सदस्यता अनिवार्य है? विद्यालय खुलने के समय 8 से 10 बजे सायं 4 से 6 बजे के मध्य ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों का पुस्तकालय से आदान–प्रदान किया जाता है। स्टाफ व बच्चों को छोड़कर बाहरी सदस्यों से सदस्यता शुल्क के अलावा पुस्तकालय मूल्य की सिक्योरिटी जमा करके पुस्तक प्राप्त की जा सकती है।

## चिकित्सा

वर्ष में एक बार किसी चिकित्साधिकारी द्वारा बच्चों की जाँच करायी जायेगी जिसकी रिपार्ट अभिभावकों को भेज दी जायेगी। प्राथमिक चिकित्सा सुविधा विद्यालय की ओर से हर समय उपलब्ध रहती है।

## शुल्क मुक्ति

1. सगे भाई बहनों के होने पर शिक्षण शुल्क में नियमानुसार मुक्ति जा सकेगी।
2. यह छोटे भाई बहनों पर लागू होगी तथा गरीबी रेखा से नीचे बी0पी0एल कार्ड धारकों पर लागू होगी।
3. एक से अधिक सगे भाई–बहनो में द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ तक शिक्षण शुल्क मुक्ति केवल 10 माह की होगी।
4. शुल्क मुक्ति का निर्धारित फार्म जमा करने की अंमि तिथि 20 जुलाई है इसके बाद नये प्रवेश के अलावा किसी पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

8. शारीरिक व्यायाम व खेल–कूद व स्काउटिंग व योग बच्चों के लिए अनिवार्य है।
9. यदि कोई छात्र विद्यालय सम्पत्ति का नुकसान पहुँचायेगा या उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## प्रवेश नियम

1. नर्सरी व के0 जी0 कक्षाओं मे बच्चों की आयु के अनुसार प्रवेश दिया जाता है। (नर्सरी में 3 से 4 वर्ष, के0 जी0 में 5 से 6 वर्ष)
2. प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में पूर्व प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रथम आगत को प्रथम वरीयता के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।
3. जूनियर हाईस्कूल एवं इण्टर की कक्षाओं में पूर्व प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ स्थानान्तरण प्रमाण पत्र होने पर ही प्रवेश दिया जा सकेगा।

## उपस्थिति

1. बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थित अनिवार्य है बीमारी एवं किसी अन्य विशेष परिस्थितियों में अवकाश हेतु प्रधानाचार्या के नाम सम्बोधित प्रार्थना पत्र दिया जाना आवश्यक है।
2. बिना सूचना लगातार 10 दिन तक अनुपस्थिति रहने पर बच्चे का नाम काट दिया जायेगा तथा पुनः प्रवेश शुल्क रू0 200/– जमा करने के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा।
3. अनुशासनहीन, खराब आचरण वाले छात्र/छात्राओं का नाम विद्यालय से काटने के बाद उन्हें पुनःप्रवेश नहीं दिया जायेगा।
4. लम्बी छुट्टियों के बाद पुनः स्कूल खुलने पर तीन दिन के भीतर प्रत्येक छात्र/छात्रा को उपस्थिति होना अनिवार्य है।
5. विद्यलाय द्वारा आयोजित खेलकूद रैली सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम में समस्त बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों की अनुपस्थिति पर आर्थिक दण्डित भी किया जा सकता है।
6. प्रधानाचार्या द्वारा स्वीकृत अवकाश ही वैध अवकाश माना आयेगा प्रार्थना पत्र अभिभावक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना आवश्यक है। छात्राओं को स्कूल समय में अवकाश नहीं दिया जायेगा।
7. मेडिकल अवकाश के लिए किसी मान्यता प्राप्त डाक्टर का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

## कक्षाकार्य व गृहकार्य

1. बच्चों को दिया गया कक्षा कार्य जिसमें मौखिक या लिखित कार्य एवं कक्षा में लिये जाने वाले टेस्ट सम्मिलित है। इसके आधार पर ही परीक्षा एवं प्रोन्नति प्रतिफलित हो सकेगी।
2. के.जी. प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान में प्रतिदिन गृहकार्य दिया जायेगा। अभिभावक प्रतिदिन बच्चों की गृहकार्य कापी व डायरी देखकर पूर्ण कराने हेतु निवेदित है।

# विद्यालय परिधान

## गर्मी

**छात्र** ग्रे हाफ पैंट, सफेद शर्ट, स्कूल टाई, काला मोजा, काला जूता, स्कूल बेल्ट स्कूल मोनोग्राम

**छात्राएं** ग्रे ट्यूनिक/स्कर्ट सफेद ब्लाउज, काला मोजा, काला जूता, लाल रिबन, स्कूल टाई, स्कूल बेल्ट, स्कूल मोनोग्राम।

## जाड़ा

**छात्र** ग्रे फुल पैंट सफेद शर्ट (फुल) काला जूता, काला मोजा, लाल स्वेटर (मैरून कलर फुल) स्कूल टाई, बेल्ट, स्कूल मोनोग्राम।

**छात्राएं** ग्रे ट्यूनिक/स्कर्ट, सफेद ब्लाउज फुल कॉर्डिगन/स्वेटर (मैरून कनर फुल) काला मोजा, काला जूता, फुल साइज लाल रिबन, स्कूल टाई, बेल्ट, स्कूल मोनोग्राम।

## पी०टी० ड्रेस

**छात्र** सफेद पैंट, सफेद शर्ट, सफेद जूता, सफेद मोजा

**छात्राएं** सफेद स्कर्ट/ट्यूनिक, सफेद ब्लाउज, सफेद मोजा, सफेद जूता

**नोट** स्कूल टाई बेल्ट मोनोग्राम व परिचय पत्र स्कूल से उपलब्ध करायी जायेगी। कक्षा 2 से ऊपर की कक्षाओं में स्काउटिंग व पी0टी0 अनिवार्य है उसके अनुसार यूनिफार्म भी बनवाई जायेगी।

**विशेष** अभिभावकों एवं बच्चों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करके जनहित में शिक्षार्थ सेवा करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

विद्यालय की प्रगति में आपसे योगदान एवं असीम सहयोग की आकांक्षा सहित

श्री आर0पी0 सिंह
प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय
(सचिव)

श्री सन्तराम सिंह चौहान
साहित्यरत्न
(अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रबन्धक)
मो0 : 9450454703




जन–गण–मन अधिनायक जय हे।
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब सिन्धु गुजरात मराठा,
द्रविड़ उत्कल बंग।
विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा,
उच्छल जलधि तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तब शुभ आशिष मांगे।
गाहे तव जय गाथा
जन–गण–मंगल दायक जय हे,
भारत भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे
॥ भारत माता की जय ॥

स्थापित-1983

पंजीकरण सं० 2486

विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम

ठोस व उच्चस्तरीय शिक्षा का प्रतीक

# यूनिवर्सल माण्टेसरी गर्ल्स इण्टर कालेज

यूनिवर्सल मॉन्टेसरी शिक्षा समिति
तमसो मा ज्योतिर्गमय
लखनऊ



(यूनिवर्सल माण्टेसरी एजूकेशनल सोसाइटी, लखनऊ द्वारा संचालित)

## (PROSPECTUS)

## नियमावली (विवरण पत्रिका)

प्रधान कार्यालय
हरीनगर, लक्ष्मणपुरी (निकट रेलवे क्रासिंग) फैजाबाद रोड, लखनऊ।

Printed by : Nayni Enterprises, Lko.#9335818216